7/9/22, 3:48 PM

>

Title: Need to establish a shooting range in Muradabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक बहुत ही इम्पॉर्टेंट इश्यू की ओर दिलाना चाहता हूं । …(व्यवधान) स्पोर्ट्स-खेल इंसान की जिंदगी से बरसों से जुड़े हुए हैं । यह इंसानियत की हिस्ट्री है कि खेल उसके साथ जुड़े हुए हैं । वक्त के साथ खेल-स्पोर्ट्स बदलते रहे, उनमें चेंजेज़ आते रहे ।

महोदय, जब कोई इंटरनेशनल स्पर्धा होती है, चाहे वह ओलंपिक्स हों या एशियन गेम्स हों या और कोई स्पर्धा हो, हमें इस बात का अफसोस होता है कि हमारा इतना बड़ा देश होते हुए, हमारे पास बहुत कम मेडल्स हैं, हमसे छोटे देशों के पास ज्यादा मेडल्स हैं । इसी क्रम में मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र मुरादाबाद के अंदर कम से कम दस बच्चे ऐसे हैं, जो नेशनल प्लेयर्स हैं । वे शूटिंग, शॉटगन और एयरगन के नेशनल प्लेयर्स हैं, लेकिन मुरादाबाद के अंदर आज तक कोई भी शूटिंग रेंज नहीं बनी है ।

अत: मैं आपके माध्यम से स्पोर्ट्स मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मुरादाबाद में जल्द से जल्द एक शूटिंग रेंज बनवाने का कष्ट करें । धन्यवाद ।